हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–148 : जौनपुर, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी के विकास को मिली नई उड़ान : उद्यमियों ने बदले हुए प्रदेश को सराहा

लखनऊ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 32 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव जुटाने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपी जीआईएस)–2023 का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज देश–दुनिया के उद्यमी और निवेशक जिस राज्य (यूपी) में बैठे हैं, उसकी आबादी करीब–करीब 25 करोड़ है। दुनिया के बड़े–बड़े देशों से भी ज्यादा सामर्थ्य अकेले उत्तर प्रदेश में है। एक तरफ डबल इंजन सरकार का इरादा है और दूसरी तरफ संभावनाओं से भरा उत्तर प्रदेश ।इससे बेहतर पार्टनरशिप हो ही नहीं सकती। भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो यूपी भारत के ग्रोथ को ड्राइव करने में अहम नेतृत्व दे रहा है। कार्यक्रम स्थल लखनऊ के वृंदावन योजना स्थित वाल्मीकि मुख्य हॉल में यूपी जीआईएस–2023 के उद्घाटन सत्र में मौजूद देश–दुनिया के दिग्गज उद्यमियों–निवेशकों से मुखातिब पीएम मोदी ने सबको उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की आज की सरकार और ब्यूरोक्रेसी प्रगति की राह पर दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़ी है। वह आपके (निवेशकों व उद्यमियों) सपनों को साकार करने के लिए, आपके संकल्पों को सिद्ध करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ अग्रदूत बनकर आपके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि आज जो समय है इसको हमें गंवाना नहीं चाहिए। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है। भारत के उज्जवल भविष्य में दुनिया के उज्जवल भविष्य की गारंटी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का रिमोट से बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बन रहे उत्तर प्रदेश की शानदार प्रगति यात्रा पर प्रदर्शित शॉर्ट फिल्म का भी अवलोकन किया। डंके की चोट पर नई पहचान बनाई यूपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश दुनिया से आए निवेशकों, उद्यमियों, नीति निर्माताओं, विचारकों के सामने उत्तर प्रदेश की पूर्व और वर्तमान छवि का शाब्दिक चित्रण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अपने सांस्कृतिक वैभव, गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के लिए जानी जाती है। इतना सामर्थ्य होने के बावजूद यूपी के साथ कुछ बातें जुड़ गई थीं। लोग कहते थे कि यूपी में विकास होना मुश्किल है। यहां कानून व्यवस्था सुधरना नामुमकिन है। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था। यहां आए दिन हजारों करोड़ के घोटाले होते थे। हर कोई यूपी से अपनी उम्मीदें छोड़ चुका था। लेकिन,





सिर्फ पांच–छह साल के भीतर यूपी ने अपनी एक नई पहचान स्थापित कर ली है और डंके की चोट पर स्थापित कर ली है। अब यूपी को सुशासन से और गुड गवर्नेंस से पहचाना जा रहा है। अब यूपी की पहचान बेहतर कानून व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए है। अब यहां वेल्थ क्रिएटर्स के लिए नित नए अवसर बन रहे हैं। यूपी में नजर आ रहे हैं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की पहल के परिणाम पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए उत्तर प्रदेश की जो पहल है, उसके परिणाम नजर आ रहे हैं। बिजली से लेकर कनेक्टिविटी तक हर क्षेत्र में सुधार आया है। बहुत जल्द यूपी देश के उस इकलौते राज्य के तौर पर भी जाना जाएगा जहां पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से यूपी सीधे समुद्र से जुड़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र के पोर्ट से कनेक्ट होता जा रहा है। यूपी में एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट पर प्रशंसनीय कार्य पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक और विषय पर बहुत प्रशंसनीय काम हुआ है। यह काम एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट से जुड़ा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी हेल्थ यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी, मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऐसे अनेक संस्थान अलग–अलग स्किल्स के लिए युवाओं को तैयार करेंगे। स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत अभी तक यूपी के 16 लाख से अधिक युवाओं को अलग–अलग स्किल्स में प्रशिक्षित किया गया है। यूपी सरकार ने पीजीआई लखनऊ, आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कोर्स भी शुरू किए हैं। उत्तर प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है कि नैक मूल्यांकन में इस बार उत्तर प्रदेश के चार विश्वविद्यालयों ने हिंदुस्तान को अपना लोहा मनवा दिया। इस उपलब्धि के लिए राज्यपाल और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को बधाई दी। साथ ही कहा कि देश के स्टार्टअप रिवैल्युएशन में यूपी की भूमिका लगातार बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में 100 इनक्यूबेटर और 33 स्टेट ऑफ द आर्ट सेंटर को स्थापित करने का लक्ष्य यूपी सरकार ने रखा है। यानी यहां आने वाले निवेशक को कुशल व योग्य युवाओं का बहुत बड़ा पूल भी मिलने जा रहा है। सरकारी सोच और अप्रोच में आया बदलाव प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ–साथ यूपी में सरकारी सोच और एप्रोच में, ईज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सार्थक बदलाव आया है। आज यूपी एक आशा, एक उम्मीद बन चुका है।

## अयोध्या राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला अभियुक्त पत्नी सहित गिरफ्तार

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या। श्री राम जन्म भूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दंपति को अयोध्या पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। गर्लफ्रेंड के भाई को फंसाने की नियत से अभियुक्त ने राम जन्म भूमि को उड़ाने की धमकी दी थी । नेट कॉलिंग के जरिए अयोध्या निवासी मनोज कुमार के फोन पर 2 फरवरी को धमकी दिया गया था। जो कि कॉल ट्रेस के दरमियान खुलासा हुआ ।अभियुक्त ने अपने गर्लफ्रेंड के भाई को फसाने की नियत से रामलला को बम से उड़ाने की धमकी दी थी ।नेट कॉलिंग करके अपने आप को दिल्ली का निवासी बताया था। पुलिस ने धमकी देने वाले पत्नी को भी गिरफ्तार किया। अनिल रामदास घोड़के उर्फ बाबा जान मूसा उर्फ सैटर्न राहेल पुत्र रामदास पाटुरंग घोड़के उर्फ उस्मान अली मूसा तथा सहअभियुक्त विद्याशंकर धोत्रे उर्फ जार्ड संतन शाणी एश्वेरा उर्फ आयरन सैटर्न हेल पुत्री शंकर धोत्रे पत्नी अनिल रामदास घोड़से निवासी महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के





पास से 9 मोबाइल फोन लैपटॉप, दो कुरान,दो मुसलमानी टोपी, आधार कार्ड ,पैन कार्ड,एटीएम कार्ड चेक बुक,बर्थ सर्टिफिकेट,इलेक्शन कमिशन के सादा फॉर्म, संशोधित आधार कार्ड, ताबीज माला समेत कई आपत्तिजनक सामान्य बरामद हुए हैं। मुख्य अभियुक्त ने राम जन्म भूमि के साथ दिल्ली मेट्रो स्टेशन को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

## ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट के जिला स्तरीय निवेश कुंभ कार्यक्रम का संगोष्ठी कक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी 2023 के मध्य आयोजित होने वाले ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट के जिला स्तरीय निवेश कुंभ कार्यक्रम का आयोजन संगोष्ठी कक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी, मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का संजीव प्रसारण उपस्थित लोगो द्वारा देखा गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत वर्ष का बडा राज्य है, लगभग 24 करोड जनसंख्या का घर होने के साथ–साथ 56 प्रतिशत जनसंख्या युवा समूह में आता है। उन्होंने कहा कि मा० प्रधानमंत्री महोदय जी के विजन भारत को 05 ट्रिलियन डालर की इकोनमी बनाने के उद्देश्य से आज हमारा राज्य ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट–2023 का आयोजन कर रहा है। उत्तर प्रदेश मा० प्रधानमंत्री महोदय जी के इस विजन में 01 ट्रिलियन डालर की सहभागिता करेगा। इस विजन को पूर्ण करने के लिए मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी का उ०प्र० ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट – 2023 के 15 लाख करोड का लक्ष्य था, परन्तु आज लगभग 32 लाख करोड के इन्टेन्ट प्राप्त हो चुके हैं, जो देश/विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यवसायी/निवेशकों/उद्यमियों द्वारा उत्तर प्रदेश में रूचि दिखाने को दर्शाता है। गुड गवर्नेनेन्स इन्डेक्स – 2021 में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। रेलवे और सड़को के नेटवर्क में उत्तर प्रदेश भारत का बडा राज्य है। हवाई अड्डा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में है। लगभग 56 प्रतिशत जनसंख्या 18 से 60 वर्ष के बीच की है। अतः जन शक्ति की उपलब्धता आसानी से हो सकती है। इन सब उपलब्धियों के साथ उत्तर प्रदेश निवेश के लिये सर्वोत्तम राज्य है। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि निवेशकों के लिए जनपद जौनपुर में असीम सम्भावनाएं है, निवेशकों को अच्छा वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। यहां के लोग अत्यंत महनती एवं उत्साही है, अनेंकों लोग जनपद से निकलकर दुबई, सिंगापुर, मुम्बई, दिल्ली सहित अन्य देशों एवं प्रदेशों में अपना व्यवसाय स्थापित किये है। जनपद में हाईवे का जाल बिछा हुआ है। एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी है,



रिंग रोड प्रस्तावित है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील किया कि जनपद में कार्य कर रही कम्पनियों में अवश्य जाये और उन्हे देखकर प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि सीडा में 100 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गयी है जो कि इच्छुक नये उद्यमियों को उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त शाहगंज क्षेत्र में 1000 एकड़ जमीनों का सर्वे किया गया है जिन्हे सीडा पार्ट टु के रूप में विकसित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वालें समय में नया जौनपुर देखने को मिलेंगा। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने कहा कि जनपद में व्यवसाय के लिये अनुकूल माहौल बनाया गया है। उन्होंने सभी निवेशकों को निवेश हेतु आश्वासन दिया कि जनपद में निवेश हेतु सभी की सुरक्षा की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा सभी निवेशकों को बताया कि निवेशकों द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अनापत्ति प्रमाण पत्र सिंगल विंडो पर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह ने अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक लगभग 9200 करोड़ का 126 इन्टेंट ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो गया है जिसमें लगभग 25 हजार लोगों को रोजगार सृजित होगा तथा 25 करोड़ से अधिक के निवेशको को राज्य स्तरीय निवेश महाकुंभ लखनऊ में प्रतिभाग किया गया जिसमें युनिकान एनर्जी बी0के0 सिंह के माध्यम से 4500 करोड़, अमरावती ग्रुप रजनीकांत मिश्रा एवं रवि कुमार पांडेय 200 करोड़, निर्माण क्षेत्र में मनोज कुमार अग्रहरि 200 करोड़, कीर्ति कुंज नन्हे लाल वर्मा 200 तथा निर्माण क्षेत्र में राकेश त्रिपाठी 50 करोड़ तथा जनपद स्तरीय निवेश कुंभ में आशीष कुमार चौरसिया ईसी डिकोर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 25 करोड़, मेसर्स वी वी आर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 18 करोड़, मेसर्स श्रीरामा प्लाइवुड इंडस्ट्रीज द्वारा 5 करोड़, मेसर्स आर्या ट्रेंड्स द्वारा 2.50 करोड़ एवं मेसर्स शिवा इंटरप्राइजेज द्वारा कुल 1.50 करोड। सहायक प्रबंधक जयप्रकाश के द्वारा निवेश मित्र एवं निवेश पोर्टल के सम्बंध में जानकारी दी गयी। इसके पूर्व लगाये गये ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद स्टाल को देखा गया। लोकगीत गायक सुनील यादव के द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति की गयी और प्रश्नोत्तरी प्रहर का भी आयोजन किया गया। संचालन डा0 जहान्वी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र में हुए शामिल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र में शिरकत की संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे निवेश के माध्यम से लग रहे उद्योगों के बढ़ने से प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को भी बढ़ने का उचित अवसर मिलेगा तथा प्रदेश के व्यापारियों में भी व्यापार बढ़ने की आशा जगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का कदम सराहनीय है आज के इस समिट में आए निवेश के माध्यम से प्रदेश में रोजगार, उद्योग एवं व्यापार तीनों को गति मिलेगी उन्होंने कहा कि राजधानी के व्यापारियों सहित पूरे प्रदेश के व्यापारियों में इस आयोजन से उत्साह है। इन्वेस्टर समिट में शामिल होने वाले पदाधिकारियों में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ,नगर उपाध्यक्ष डॉक्टर साकेत चतुर्वेदी,




रोहित जयसवाल, प्रवीण मिश्रा ,सर्वेश अग्रवाल, मोहम्मद सलीम, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल ,वर्तिका शुक्ला ,श्रीमती रीमा अग्रवाल ,संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम सुंदर अग्रवाल ,हिमांशु रस्तोगी, पंकज अरोड़ा, विवेक श्रीवास्तव ,अरविंद श्रीवास्तव, कानपुर सिलाई व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमाशंकर चौरसिया, सीतापुर के प्रभारी प्रदीप गुप्ता सहित विभिन्न जिलों के 50 से अधिक पदाधिकारी शामिल रहे।

## 13 फरवरी 2023 को विकास खण्ड केराकत में रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 13 फरवरी 2023 को प्रातः 10:00 बजे विकास खण्ड केराकत परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है जिसमें 05 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 200 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और भारत सरकार के हस्तशिल्प क्राफ्ट बाजार के पदाधिकारियों में भिड़ंत

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और भारत सरकार के हस्तशिल्प क्राफ्ट बाजार के पदाधिकारियों में भिड़ंत,जमकर हुई नोकझोंक। डीएम रवीश कुमार गुप्ता,एसपी सोमेन वर्मा,.




सीडीओ अंकुर कौशिक,विधायक विनोद सिंह और सीताराम वर्मा की मौजूदगी में पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार के मुख्य गेट पर महिलाओं ने की गेट बंदी ।प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने में महिला थानाध्यक्ष चित्रा सिंह को छूटे पसीने,मदद को पहुंची नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय। डीडीओ अजय पांडेय और विभिन्न प्रदेशों से आए महिला शिल्पकारों में हुई जमकर तकरार। क्राफ्ट बाजार की दुकानें बंद कराकर यूपी इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भड़का गुस्सा।

## उच्च शिक्षा सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान देना शिक्षक का धर्म होता है –रामानंद सैनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बच्चे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा के साथ–साथ सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान देना भी हर शिक्षक का धर्म होता है। उपरोक्त विचार आज एसएसडी



पब्लिक स्कूल अलीनगर सुनहरा, कृष्णा नगर, लखनऊ में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक रामानंद सैनी ने व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंजू सैनी, आराधना मिश्रा मधु अवस्थी, सर्वेश कुमार, विमल कुमार, साधना शुक्ला, स्नेह लता यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया।

## एक लाख की सुपारी देकर कराई गई थी मोहम्मद इकराम की हत्या

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एक लाख की सुपारी देकर कराई गई थी मोहम्मद इकराम (26) वर्ष पुत्र मोहम्मद असलम की हत्या। प्रेम–प्रसंग के चलते 24 दिसम्बर को मारी गई थी गोली ।डेढ़ माह बाद



हत्या का मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद कलीम पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी सोनवरसा को बल्दीराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलियाबाद मोड़ के पास से किया गिरफ्तार,भेजा जेल ।थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह बोले न्यायालय के आदेश पर की गई जेल भेजने की कार्रवाई ।बल्दीराय थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव से जुड़ा मामला।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मन का मौन मनोबल बढ़ाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित समतामूलक समाज की स्थापना

किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहचान उसकी शिक्षा और संस्कृति से होती है। जीडीपी तो घटती बढ़ती रहती है। सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक विकास का समन्वय एक देश के लिए जरूरी भी है। भारत विविधताओं वाला देश है, इसमें कई जातीय समूह हैं, ऐसा आज तक भारतीय शिक्षा में पढ़ाया जाता रहा है और साथ ही साथ यह भी बताया जाता रहा है कि भारत एक विकासशील देश है। यहां उल्लेखित तीनों विशेषताओं (तथाकथित) को आज तक इस प्रकार महिमामंडित किया गया था कि वरिष्ठ पत्रकार तवलीन सिंह अपने एक आलेख में लिखती हैं कि जब से नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री, बने हैं, विकसित देशों की विकास में रुचि बढ़ गई है।

इसलिए कि मोदी शायद पहले प्रधानमंत्री रहे हैं अपने महान देश के जिन्होंने विकसित बनने के सपने न सिर्फ दिखाए हैं हमको, साथ में ये भी बार–बार कहा है कि हम कुछ ही सालों में विकसित देशों की गिनती में आ जाएंगे।

ऐसा करके मोदी ने देशवासियों को एक नया रास्ता दिखाया है। वो आगे यह भी लिखती हैं कि पहले हमारे शासक हमारी गरीबी पर नाज करते थे। जब कोई विदेशी आलोचक जिक्र करता था भारत की असफलताओं का तो हमारे राजनेता और आला अधिकारी अकड़ कर जवाब दिया करते थे कि भारत गरीब देश है, इसलिए उसकी तुलना किसी विकसित देश से नहीं की जा सकती है।

यहां इस लेख का उद्देश्य तवलीन सिंह को कोट करके उनकी लेखन की प्रशंसा करना या माननीय प्रधानमंत्री जी का महिमामंडल करना बिल्कुल नहीं है, बस यह समझाना है कि आज तक हमारी शिक्षा व्यवस्था इस प्रकार रही कि ''भारत के लोग गरीब हैं और गरीब ही रहें,'' यही सत्य बना रहे।

पिछले 70 सालों तक भारत में रोजगार का अर्थ बस सरकारी नौकरी और शिक्षा का उद्देश्य भी नौकरी करना सिखाना रहा है । इसके लिए पुरानी शिक्षा नीति मानस नहीं बना पाई और एक बौद्धिक जुगाली करने वाली भारी संख्या में बेरोजगार युवाओं की भीड़ खड़ा करती रही।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ऐसे लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ती है जिससे भारत देश के किसी भी बच्चे के सीखने और आगे बढ़ने के अवसरों में उसकी जन्म या पृष्ठभूमि से संबंधित परिस्थिति बाधक न बन पाए। यह नीति इस बात की पुनः पुष्टि करती है कि स्कूली शिक्षा में पहुंच, सहभागिता और अधिगम परिणामों में सामाजिक श्रेणी के अंतरालों को दूर करना ही इसका मुख्य लक्ष्य है।

इस बार गणतंत्र दिवस की झांकी को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित समतमूलक समाज की सहज अनुभूति हुई जहां पहली बार एकलव्य और बिरसा मुंडा की प्रतिमा झांकी में शामिल हुई और इस गणतंत्र दिवस समारोह में पहली बार किसी जनजातीय महिला राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा के ये संदेश दे दिया कि देश में समता कौन ला रहे हैं और कौन केवल भारत घूम घूम के बस नारे लगा रहे हैं।

मोदी सरकार देश के इतिहास की पहली सरकार है जिसने सबका साथ और सबका विकास न सिर्फ कहा बल्कि कर के भी दिखाया समता राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा में निहित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा व्यवस्था को समाज उपयोगी और राष्ट्र निर्माण जैसे मूल्यों को सृजन करने का कार्य करने में सक्षम है क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूर्णतः भारतीय जड़ों से पोषित और भारत निर्मित है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मायके आई विवाहिता का कुएं में मिला शव : फांसी के फंदे से लटका मिला भट्ठा मजदूर

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खेवसीपुर गांव निवासी वंदना पुत्री श्यामनाथ यादव का शव गांव कुएं में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वंदना की शादी बीते नवंबर में हुई थी। जनवरी में वह ससुराल से मायके आई थी। परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद से वंदना मानसिक तनाव में रहती थी। बुधवार रात परिवार के साथ खाना खाकर सोने चली गई। रात में कब उठकर चली गई परिवार के किसी भी सदस्य को



जानकारी नहीं हुई। गुरुवार सुबह जब परिजन जगाने गए तो वह चारपाई पर नहीं थी। काफी खोजबीन किया पर वो नहीं मिली। तब परिजनों ने मेंहनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे गांव के सीवान स्थित कुएं में किसी ने शव को उतराया देखा। घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुंए से बाहर निकलवाया तो उसकी शिनाख्त वंदना के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीपल के पेड़ पर लटका मिला भट्ठा मजदूर का शव जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के ब्रहमौली ध्यान गांव स्थित ईंट भट्ठे पर कार्यरत मजदूर का शव शुक्रवार सुबह पीपल के पेड़ पर लटका मिला। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झारखंड प्रांत के रांची जिले के बुढ़मू थाना अंतर्गत कुटेर गांव निवासी प्रदीप उरांव (30) जीयनपुर कोतवाली के ब्रह्मौली ध्यान गांव स्थित ईंट भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता था। गुरुवार रात पत्नी के साथ खाना खाने के बाद सोने गया था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने प्रदीप का शव पास पीपल के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटका देखा। भट्ठे पर मौजूद मजदूरों ने इसकी सूचना पुलिस व भट्ठा मालिक को दिया। सूचना पर भट्ठा मालिक के साथ ही जीयनपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को पेड़ से उतारा गया और पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। घटना से पत्नी का रो–रो कर बुरा हाल है।

# परमात्मा का ज्ञान धारण करके जीवन में सुख शांति शक्ति आनंद और पवित्रता स्थापित करें –प्रभा मिश्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बाल रामलीला मैदान के समीपस्थ सेवा केंद्र पर ओम शांति चौनल की निदेशक माउंट आबू से पधारी अभिनेत्री बी के प्रभा मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि परमात्मा का ज्ञान धारण करके जीवन सुख, शांति, शक्ति,आनंद और पवित्रता स्थापित करें। उन्होंने कहा कि परमात्मा एक है,यह ज्ञान सबको पहुंचाना है।जीवन को श्रेष्ठ बनाना है। विश्व विद्यालय के 147 देशों में सेवा केन्द्र हैं। पिछले 87 वर्ष से यह आध्यात्मिक कार्य चल रहा है। हमारा लक्ष्य आत्माओं का उत्थान,युवाओं का उत्थान और नारी सशक्तिकरण है। सफलता के पांच कदम एवं तनाव मुक्ति शिविर में आध्यात्मिक रहस्य के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। इसमें तनाव प्रबंधन, क्रोध प्रबंधन, जीवन प्रबंधन सहित आंतरिक सुख शांति और आनंद की प्राप्ति, एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं मनोबल में वृद्धि एवं विशेषताओं के प्रादुर्भाव द्वारा आकर्षक व्यक्तित्व का निर्माण, संबंधों में मधुरता द्वारा सच्चे गृहस्थ आश्रम की स्थापना और मानसिक स्वास्थ्य द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य की प्राप्ति जैसे विषयों पर राजयोग से दिव्य प्राप्तियां होंगी। प्रभा ने कहा कि आज की दौड़ भरी जिंदगी में लोग हैपिनेस एवं खुशियों से दूर होते जा रहे हैं । खुशी की चाहत सभी रखते हैं, लेकिन उसे बाहर तलाशते हैं। लोगों की इसी चाह को पूरा



करने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शाहाबाद(हरदोई) में पहली बार युवा, बच्चों और बुजुर्गों के लिए सफलता के पांच कदम एवं तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है । मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा कि तनावपूर्ण परिस्थितियों से मुक्त होने के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है। मन में लगातार चलने वाले नकारात्मक विचारों से दिमाग में विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थ उतरकर शरीर में आ जाते हैं जिससे अनेक बीमारियां होती हैं। मन के नकारात्मक विचारों से मनोबल और आत्मबल कमजोर बन जाता है । कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को अनिद्रा, व्यसन, अशांति और मानसिक तनाव आदि बुराइयों से दूर करने की कोशिश है। इस कार्यक्रम में मानवता के संपूर्ण इतिहास की संपूर्ण यात्रा और सफलता के पांच कदमों पर व्याख्यान होगा। प्रेस वार्ता में कुसुम, मालती, लवली, मीरा और भ्राता अश्वनी कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार पिता और तीन साल की बेटी की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत : पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में बिलरियागंज थाना अंतर्गत श्रीनगर सियरहा के पास सिक्स लेन पर बाइक सवार बाप, बेटी की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। श्रीनगर सियरहां के पास सिक्स लेन पर बाइक सवार अमिताभ (24 वर्ष) पुत्र अच्छेलाल निवासी बवाली मोड़ मुबारकपुर थाना मुबारकपुर अपनी बेटी सुनैना (3 वर्ष) को बाइक से लेकर अपनी ससुराल मोहद्दी सराय शाहगंज जनपद जौनपुर के लिए जा रहा था रास्ते में सियरहां मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन से उसका एक्सीडेंट हो गया और बाप बेटी दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष बिलरियागंज



ब्रह्मदीन पांडेय अपने दल बल के साथ पहुंचे उनके द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय आजमगढ़ भेजा गया। मौके पर उसके परिजन भी पहुंच गए थे उसकी मां का रो कर बुरा हाल था।

# कंपनी बाग में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा से टपक रहा पानी : डीएम ने दिया जांच का आदेश

प्रयागराज ब्यूरो : कंपनी बाग में स्थापित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की कांस्य प्रतिमा से अचानक बूंद–बूंद पानी टपकने लगा है। यह पानी कहां से और कैसे आ रहा है, इसका किसी को कुछ पता नहीं है। दर्शनार्थियों में भी इसे लेकर कौतूहल है। एक दर्शनार्थी के पत्र के बाद जिलाधिकारी ने उद्यान अधीक्षक को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उद्यान प्रशासन ने धरोहरों का संरक्षण–संवर्धन करने वाले संस्थान इंटेक से संपर्क साधा है। आजाद के शहादत स्थल पर लगी करीब 10 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा के दाहिने तरफ से जल की बूंदें टपक रहीं हैं। प्रतिमा का काफी हिस्सा नम भी है। यह पानी कहां से आ रहा है, कुछ भी स्पष्ट नहीं। इस जल रिसाव पर सबसे पहले एथलीट कोच रजनीकांत निषाद की निगाह पड़ी। सामाजिक कार्यों में बेहद सक्रिय ग्राम ललितपुर भौसरा निवासी रजनीकांत शहादत स्थल पर घूमने आए थे। सूरतेहाल से भावुक हुए रजनीकांत ने 28 जनवरी को पत्र लिखकर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री को इसकी जानकारी दी। अपनी तरफ से सौंदर्यीकरण व सफाई करने का प्रस्ताव भी रखा। डीएम ने प्रकरण गंभीर देखकर उद्यान अधीक्षक उमेश उत्तम को रिसाव की जांच कराने और प्रतिमा की सफाई कराने का निर्देश दिया। उद्यान अधीक्षक ने रिसाव के कारणों की पड़ताल और उसकी मरम्मत कराने के लिए धरोहरों के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था इंटेक से संपर्क साधा है। इंटेक की टीम प्रतिमा का सर्वे भी कर चुकी है। रिसाव का पता लगाने के लिए इंटेक विशेषज्ञों की मदद लेगी। प्रतिमा की सफाई और पॉलिश भी कराई जाएगी। वहीं, उद्यान विभाग ने ग्वालियर की भी एक एजेंसी से संपर्क किया है। 1991 में लगी थी प्रतिमा : कंपनी बाग में अंग्रेजों से घिर जाने के बाद चंद्रशेखर आजाद ने 27 फरवरी 1931 को अपनी अमेरिकन कोल्ट पिस्तौल से कनपटी पर गोली मार ली थी। यहीं वह शहीद हो गए थे। इसी शहीद स्थल पर प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 में उनकी आदमकद कांस्य प्रतिमा लगाई थी। उद्यान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस प्रतिमा की अब तक कभी पॉलिश नहीं कराई गई है। यह स्थल शहीद–तीर्थ के रूप में देशभर में विख्यात हो चुका है। आजाद की प्रतिमा से टपक रही बूंदों का परीक्षण कराया जा रहा है। प्रतिमा सांचे पर ढली होने के कारण भीतर से खोखली है। रिसाव की जगह प्रतिमा का मामूली हिस्सा चटका



हुआ है। डीएम के निर्देश पर मरम्मत कराने के लिए एजेंसी से संपर्क साधा गया है। – उमेश उत्तम, उद्यान अधीक्षक। यह कोई चमत्कार नहीं है। प्रतिमा के भीतर कहीं न कहीं से हवा प्रवेश कर रही है। हवा की नमी धीरे–धीरे ठंडी होकर जल में बदल रही है। यही पानी बूंद–बूंद टपक रहा है। – प्रो. आरके सिंह, रसायनशास्त्र विभाग, इविवि। शहीद तीर्थ पहुंचे उद्यान अधीक्षक,रिसाव से पर्दा उठाने का दिलाया भरोसा प्रतिमा से जल की बूंदों के लगातार टपकने की जानकारी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को उद्यान अधीक्षक उमेश उत्तम शहीद तीर्थ पहुंचे। वहां उन्होंने प्रतिमा से निकलती जल की बूंदों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। वहां देश के कई हिस्सों से आजाद प्रतिमा के दर्शन के लिए आए कई श्रद्धालु भी इस घटना को लेकर हैरत से भरे रहे। श्रद्धालुओं का कहना था कि रिसाव की वजहों का पता लगाया जाना चाहिए। प्रतिमा स्थल पर लखनऊ से आए विजय शंकर दुबे का कहना था कि यह अपने आप में अनोखी घटना है। प्रतिमा से आखिर जल की बूंदें कब से टपक रही हैं, इसकी सुध प्रशासन ने अब तक क्यों नहीं ली, यह चिंता का विषय है। इसी तरह कोलकाता से आए नागेंद्र कुमार का कहना था कि आजाद प्रतिमा पूरे देश की आस्था से जुड़ी हुई है। देश का हर नागरिक जानना चाहेगा कि आखिर इस रिसाव की वजह है क्या। ऐसे में प्रशासन को शीघ्र कमेटी बनाकर इस रहस्य का खुलासा करना चाहिए। उधर, उद्यान अधीक्षक का कहना था कि जल्द ही इसके कारणों का पता लगाया जाएगा और इसे दुरुस्त करा लिया जाएगा। आजाद प्रतिमा से हो रहे जल रिसाव की जांच कराई जानी चाहिए। ताकि इस रहस्य से पर्दा उठ सके। प्रतिमा से लंबे समय से जल रिसाव हो रहा है। जब से प्रतिमा स्थापित की गई है, तब से उसकी पॉलिश और मरम्मत कभी न कराया जाना भी चिंता का विषय है। – डॉ. नीरज, सामाजिक कार्यकर्ता। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ही मैंने इस प्रतिमा से जल रिसाव होते देखा था। इसके बाद जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जानकारी दी। – रजनीकांत निषाद, एथलीट कोच।

# महाशिवरात्रि पर मंगला आरती के बाद शुरू हो जाएगा दर्शन और पूजन

वाराणसी ब्यूरो : महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के धाम में श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बनेगा। शिव की नगरी में जहां आस्था का सागर लहराएगा वहीं बाबा के धाम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सुरगंगा भगवान शिव का अभिषेक करेंगी। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर राजराजेश्वर पूरी रात जागकर भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर के चारों प्रवेश द्वार से श्रद्धालुओं को प्रवेश मिलेगा। शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर में झांकी दर्शन का इंतजाम रहेगा और श्रद्धालु बाहर से बाबा का जलाभिषेक करेंगे। महाशिवरात्रि पर पंचक्रोशी मार्ग के साथ ही कण–कण शंकर की नगरी पूरी तरह से शिवमय हो जाएगा। शहर के शिवमंदिरों में शिवरात्रि के दर्शन पूजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कहीं रंग रोगन तो कहीं रास्तों को दुरुस्त कराया जा रहा है। पिछले साल महाशिवरात्रि पर लगभग छह लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया था। महाशिवरात्रि का महापर्व 18 से शुरू होकर 19 फरवरी की शाम तक रहेगा। ऐसे में बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं का आंकड़ा नया रिकॉर्ड बना सकता है। भक्तों को बाबा के स्पर्श दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी, केवल झांकी दर्शन मिलेगा। गर्भगृह में भी प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए चार प्रवेश द्वार निर्धारित होंगे। वहीं इस बार गंगा घाट पर सजने वाली सांस्कृतिक संध्या भी श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर ही होगी। एलईडी स्क्रीन पर होगा दर्शन महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर के आसपास वाले इलाके में बड़े एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। गर्भगृह से बाबा विश्वनाथ का लाइव दर्शन स्क्रीन पर भी किया जा सकेगा। शिवमंदिरों में तैयारियां पूरी महाशिवरात्रि पर शहर के शिवमंदिरों में तैयारियां चल रही हैं। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर,



जागेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, महामृत्यंजय मंदिर, सारंगनाथ, कपिलधारा, मारकंडेय महादेव, रामेश्वर, गौरीकेदारेश्वर आदि मंदिरों में तैयारियां चल रही हैं। वहीं पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग पर भी शिवभक्त एकदिवसीय यात्रा पर निकलेंगे। पंचक्रोशी परिक्रमा मार्ग के मंदिरों में भी तैयारियां चल रही हैं। निशिथ काल में होगी पूजा काशी विद्वत कर्मकांड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अशोक द्विवेदी के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी 2023 शनिवार को रात 8 बजकर दो मिनट से अगले दिन 19 फरवरी को शाम चार बजकर 18 मिनट तक रहेगी। महाशिवरात्रि के लिए निशिथ काल पूजा का मुहूर्त चतुर्दशी तिथि में होना आवश्यक है इसलिए महाशिवरात्रि 18 फरवरी को ही मनाई जाएगी। पूजन मुहूर्त काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक और भगवान शिव का पूजा के लिए दिन भर मुहूर्त है। जो लोग निशीथ काल में पूजा करना चाहते हैं, उनके लिए रात 12:09 मिनट से रात एक बजे तक का मुहूर्त बन रहा है। शिवलिंग पर शुद्ध जल और बिल्व पत्र अर्पित करके ऊं नमः शिवाय का जाप करने मात्र से ही शिव प्रसन्न हो जाते हैं।

# खाना बनाते समय गैस सिलिंडर के पाइप में लगी आग : गंभीर रूप से झुलसी महिला अस्पताल में भर्ती

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में भेलूपुर थाना क्षेत्र के खोजवा इलाके में शुक्रवार सुबह गैस सिलिंडर ब्लास्ट हो गया। घटना आदर्श पुस्तकालय के पास की है। जहां त्रिलोकी नाथ गुप्ता के घर में शुक्रवार सुबह नौ बजे के करीब खाना बनाते हुए सिलिंडर के पाइप लाइन में रिसाव होने से आग लग गई। इस दौरान वहां खाना बना रही उषा गुप्ता (50 वर्ष) आग बुझाने के दौरान गंभीर रूप से झुलस गई। उनको बचाने में त्रिलोकीनाथ गुप्ता भी मामूली रूप से झुलस गए। घर में आग लगने की जानकारी होते ही अगल–बगल के लोग आग बुझाने के लिए टूट पड़े। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल आग को बुझाया। मौके पर रास्ता थोड़ा साकरा होने के कारण फायर कर्मियों को पहुंचने में भी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर भेलूपुर रमाकांत दुबे ने घायल महिला उषा को कबीर चौरा के बर्न यूनिट में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घर में आग



लगते ही अफरा–तफरी मच गई थी। त्रिलोकी नाथ गुप्ता ने बताया कि समय रहते पड़ोसी व फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर नहीं पहुंचते तो सिलिंडर ब्लास्ट होने के बाद पूरा घर तहस–नहस हो जाता साथ ही जनहानि भी होती।

# महाकुंभ के पहले दारागंज स्टेशन पर स्थायी रूप से लग जाएगा ताला : इतिहास के पन्नों में हो जाएगा दर्ज

प्रयागराज ब्यूरो : संगम नगरी में वर्ष 2025 में लगने वाले महाकुंभ से पहले पूर्वोत्तर रेलवे के दारागंज रेलवे स्टेशन पर स्थायी रूप से ताला लग जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रयागराज जंक्शन से झूंसी रेलमार्ग के दोहरीकरण के बाद यह स्टेशन यात्रियों के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। दोहरीकरण का कार्य वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद यह स्टेशन पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा। भविष्य में इसका इस्तेमाल रेलवे ऑपरेटिंग कार्य के लिए कर सकता है। दारागंज स्टेशन गंगा जी के काफी निकट है। बताया जा रहा है कि दारागंज स्टेशन 110 वर्ष से ज्यादा पुराना है। पहले इस स्टेशन से मीटर गेज लाइन गुजरती थी, बाद में यह पूरा रेलमार्ग ब्रॉडगेज में तब्दील हो गया। माघमेला/ कुंभ मेला क्षेत्र में होने की वजह से पहले हजारों की संख्या में यात्रियों की आवाजाही मेले के दौरान रहती थी। इस बीच प्रयागराज–बनारस रेलमार्ग का दोहरीकरण होने की वजह से दारागंज को झूंसी से जोड़ने के लिए नया रेल पुल बनाया जा रहा है। इसका निर्माण शास्त्री ब्रिज और पुराने रेल पुल के बीच में हो रहा है। दारागंज साइड में पुराने रेल पुल से इसकी दूरी तकरीबन 120 मीटर दूर है। इस वजह से इस पुल को परेड मैदान पर खंभा बनाकर दारागंज रेलवे स्टेशन के रामबाग छोर पर मिलाया जाएगा। इसके चलते वाराणसी की तरफ से आने वाली ट्रेनें परेड ग्राउंड से होकर सीधे रामबाग स्टेशन पहुंच जाएंगी, जबकि रामबाग से आने वाली ट्रेनें



पुराने पुल से ही गुजरेंगी। ऐसे में स्टेशन पर सिर्फ प्रयागराज रामबाग से ही आने वाली ट्रेनें गुजरेंगी। बताया जा रहा है कि अगले एक वर्ष के भीतर पुल का निर्माण हो जाएगा। इसी अवधि में प्रयागराज जंक्शन तक दोहरीकरण का कार्य पूरा करने का भी लक्ष्य है। यह काम होते ही दारागंज रेलवे स्टेशन को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। इस बारे में वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार का कहना है कि झूंसी में गंगा पुल के निर्माण और रेल दोहरीकरण के बाद दारागंज स्टेशन की उपयोगिता नहीं रह जाएगी। कई वर्ष से माघ और कुंभ मेले में यात्रियों के लिए बंद रहता है स्टेशन दारागंज स्टेशन मुख्य सड़क से काफी ऊंचाई पर है। मुख्य सड़क से स्टेशन पहुंचने का रास्ता भी बेहद संकरा है। इस वजह से माघ या कुंभ मेला स्नान पर्व पर यहां भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है। इसी को देखते हुए पिछले कई वर्ष से यह स्टेशन माघ और कुंभ मेले के दौरान यात्रियों के लिए बंद कर दिया जाता है।

# पीयू की टीम युवा महोत्सव के लिए काशी रवाना : कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग के लिए गुरुवार शाम को टीम प्रबंधक डॉ. विनय वर्मा और ज्योति सिंह के नेतृत्व में रवाना हुई। कुलपति निर्मला एस मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार और वित्त नियंत्रक संजय राय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शुभकामना व्यक्त की। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग में विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ,समूह गायन,सामूहिक नृत्य,पोस्टर प्रतियोगिता,रंगोली जैसे



प्रतियोगिता में भाग लेगी । विश्वविद्यालय की टीम में 20 प्रतिभागी है। इस अवसर पर समन्वयक सांस्कृतिक परिषद डॉ मनोज मिश्र, डॉ अमरेंद्र सिंह, डा. ल क्ष्मी प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संस्कृति और विरासत को सजोयेगा विश्वविद्यालय –प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रदेश की कल्चरल क्लब योजना के अंतर्गत हेरिटेज गैलरी बनेगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए संस्कृति निदेशालय को प्रस्ताव भेजा था जिसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई। विश्वविद्यालय में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं प्रोत्साहन करने एवं युवा पीढ़ी की समृद्ध विरासत से जोड़ने के लिए कल्चरल क्लब की स्थापना की जाएगी। विश्विद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय ने हमारे विश्वविद्यालय को चयनित किया है. इसके माध्यम से संस्कृति और विरासत को सामने लाया जायेगा। हेरिटेज गैलरी में विश्वविद्यालय के विकास से लेकर उत्कृष्ट कीर्तिमान स्थापित करने वाले पूर्व विद्यार्थियों की फोटो को जगह मिलेगी। विभिन्न पुरस्कार प्राप्त विद्वानों, लेखकों, वैज्ञानिकों की फोटो भी गैलरी में देखने को मिलेगी. स्थानीय संस्कृति एवं विरासत, कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने हेरिटेज गैलरी की स्थापना के लिए वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं शिक्षकों के साथ विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के नवीन भवन का निरीक्षण कर विविध बिन्दुओं पर चर्चा की. वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने बताया कि हेरिटेज गैलरी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर बीस लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस प्रस्ताव को जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर द्वारा तैयार किया गया था। इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. राम नारायण, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, अमृत लाल, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

# थाना केराकत पुलिस द्वारा एक शातिर अभियुक्त तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत पुलिस द्वारा प्र0नि0 संजय वर्मा के नेतृत्व मे एक अभियुक्त आनन्द सिंह पुत्र राजकपूर सिंह निवासी दधिया तेजपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को मय एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतुस 315 बोर को हनुमान नगर तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना केराकत पर मु0अ0सं0 45/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. आनन्द सिंह पुत्र राजकपूर सिंह निवासी दधिया तेजपुर थाना केराकत जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 45/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जौनपुर 2. मु0अ0सं0 1526/17 धारा 411/414 भादवि थाना केराकत जौनपुर 3. मु0अ0सं0 99/18 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना केराकत जौनपुर 4. मु0अ0सं0 1523/17धारा 307 भादवि थाना केराकत जौनपुर 5. मु0अ0सं0 –135/18 धारा



323394/411भादवि थाना चन्दवक जौनपुर 6. मु0अ0सं0 –1516/17 धारा 392/34/307/411भादवि थाना केराकत जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1. एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतुस 315 बोर गिरफ्तारी टीम– 1. उ0नि0 रोहित कुमार मिश्र थाना केराकत जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 नान्हू यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर 3. हेड का0 सुनील यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर 4. का0 लल्लन सिंह, थाना केराकत जनपद जौनपुर 5. का0 प्रभाकर यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर।

# 27 फरवरी 2023 तक चलनें वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एम0डी0ए0) का बृजेश सिंह (प्रिंसू) नें किया उद्घाटन

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि जिला पुरूष चिकित्सालय, जौनपुर में 10 फरवरी 2023 से 27 फरवरी 2023 तक संचालित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एम0डी0ए0) का उद्घाटन माननीय सदस्य, विधान परिषद बृजेश सिंह (प्रिंसू) द्वारा लाभार्थी को फाइलेरिया की दवा खिलाकर एवं स्वयं दवा खाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ0 एस0सी0 वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकरी, डॉ0 राजीव यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकरी, डॉ0 एस0पी0 मिश्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकरी, डॉ0 के0के0 राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, डॉ0 बी0पी0 सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी, सत्यव्रत त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी दवा खाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किये। अपर मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ0 राजीव यादव ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के विशेषज्ञों के मत के अनुसार आयु वर्ग के अनुरूप वर्ष में एक बार पांच वर्षो तक फाइलेरिया की दवा (डी0ई0सी0) का सेवन करने से फाइलेरिया के लक्षण परिलक्षित नहीं होते हैं। यह कार्यक्रम जनपद में वर्ष 2004 से




चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम के अन्तर्गत दवा खाली पेट नहीं खाना हैं। 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलायें एवं अत्यधिक बीमार लोगों को दवा नहीं खाना हैं। कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम की अवधि में नियत टीम निर्धारित तिथि पर घर–घर जाकर अपने सामने लाभार्थियों को आयुवर्ग के अनुरूप दवा खिलाएंगी । मा0 सदस्य, विधान परिषद बृजेश सिंह (प्रिंसू) ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियों से अपील किया है कि शत–प्रतिशत लोग घर पर दवा खाकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# सड़क बनते समय दिखी खामियां तो ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : शाहगंज विकासखंड क्षेत्र के वसिरपुर गांव में पिच रोड पर पैचिंग के दौरान मिली खामियां पर ग्रामीणों ने जमकर ठेकेदार को टोका। बता दें कि बसीरपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य



कमलेश बिन्द ने सड़क पैचिंग के दौरान खामियां मिलने पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ नाराजगी जताई और कहा कि इस तरीके से बन रहे सड़क बहुत जल्द ही टूट जाएगी और इसी तरीके से सड़क बन रहा है जो बार बार टूटता जाता है और यह जनता के पैसे का दुरुपयोग ठेकेदारों द्वारा किया जाता है। वही ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरीके से पिछली बार सड़क बनी थी तो बहुत जल्दी टूट गई थी। और उसमें काफी गड्ढा हो गया था और इस समय फिर उसी तरीके से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस तरीके से काम होता रहेगा तो हम आम जनमानस के लिए सड़क बने या ना बने एक ही समान है। वही सड़क पर कार्य करवा रहे सुपरवाइजर ने अपना पल्ला झाड़ते हुए दिखे उन्होंने कहा कि हम यहां कार्य देखरेख नहीं कर रहे हैं बल्कि अपना सामान लेकर आए हैं। जबकि क्षेत्र पंचायत के शिकायत इन्हीं के द्वारा पुनः सड़क पर कार्य सही ढंग से चालू हुआ था और कुछ दूर तक सही किये फिर गड़बड़ी करना चालू कर दी।

# तमंचा कारतूस व चाकू के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवागत पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया उपनिरीक्षक शितलूराम जो हेड कान्सटेबल सर्वेश कुमार सिंह , कान्सटेबल तेज बहादुर ,कान्सटेबल संजय यादव , कान्सटेबल रणविजय यादव गुरुवार की रात में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान पवांरा नहर पुलिया के पास से दो अभियुक्तों सद्दाम पुत्र शाह मोहम्मद असलम पुत्र शाह मोहम्मद निवासीगण,नरगहना थाना,पवांरा के पास से एक अदद तमंचा व कारतूस व चाकू बरामद किया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों में से सद्दाम के खिलाफ वाराणसी व चन्दौली जिले के थानों में हत्या करने का प्रयत्न,गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमें दर्ज हैं।पुलिस ने गिरफ्तार किये गये दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# कब्रिस्तान की जमीन पर विद्यालय बनाकर अवैध कब्जा करने वाले को बेदखल करने का आदेश जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के केवटली खुर्द गाँव की कब्रिस्तान के खाते में दर्ज आराजी पर विद्यालय का पक्का कमरा बनाने के आरोप में तहसीलदार राकेश कुमार ने बेदखली करने के साथ ही बीस लाख रुपये क्षतिपूर्ति व पांच रुपए निष्पादन व्यय का आदेश जारी किया है! लेखपाल लालचंद ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ग्राम केवटली खुर्द की आराजी जो कब्रिस्तान के खाते में दर्ज है पर श्रीमती आशा देवी पत्नी संतोष कुमार प्रबंधक अनारकली इंटर कॉलेज बटाऊ बीर ठाकुरगंज निवासी ग्राम डेहुणा द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। बार–बार कहने के बावजूद भी अतिक्रमणी द्वारा कब्रिस्तान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा रहा है। लेखपाल की इस रिपोर्ट पर तहसीलदार राकेश कुमार ने न्यायालय में लम्बित पत्रावली का निस्तारण करते हुए बेदखली का आदेश जारी करने के साथ ही राजस्व निरीक्षक को बेदखली कराने का दायित्व सौंपा है!

# चोरी की बाइक के साथ एक फेरी वाला गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गैरजनपद से उड़ाई गई बाइक के साथ एक फेरी वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।उसने गांव के ही युवक से सस्ते दर पर बाइक खरीदी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरुवार देर को थानाध्यक्ष रमेश कुमार ,एसआई विजयशंकर यादव व हमराहियों के साथ बरगुदरपुल के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी लालरंग की बाइक से दो युवक आते दिखाई दिए ।उन्हें रोककर पुलिस ने कागजात दिखाने की बात कही लेकिन उक्त युवक कोई कागजात नही दिखा सके ,उक्त युवक नगर के सिपाह में रुककर फेरी कर कपड़ा बेचते रहे है। पुलिस बाइक की नम्बर प्लेट पर पड़े नम्बर को ऑनलाइन सर्च किया तो उक्त नम्बर फर्जी निकला,चेचिस नम्बर सर्च किया गया तो पोल खुल गई ,बाइक का नम्बर कुछ और ही निकला। उक्त बाइक गौतमबुद्धनगर जनपद के बादलपुर थाना क्षेत्र में चोरी गई थी जिसका उक्त थाने में सालभर पहले का चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस खोजबीन कर रही थी। पकड़े गए युवक सदद्दाम हुसैन पुत्र इकबाल हुसैन निवासी अपौली थाना बिल्सी बदायूं जनपद पर पुलिस धारा 411,420,465 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जबकि दूसरे युवक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।पकड़े गए युवक ने बातचीत में बताया कि वह सस्ते के चक्कर मे फंस गया।

# राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के गांव मूर्खा में माँ दुर्गा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित माँ दुर्गा गर्ल्स डिग्री कॉलेज में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता हुई प्रारंभ।जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने माँ भगवती सरस्वती जी



की पूजा अर्चना कर अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। और इसके बाद देश से आई हुई महिला वालीबाल खिलाड़ियों का परिचय देते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह व एमएलसी प्रिंस सिंह का लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।इस अवसर पर उन्होंने माँ दुर्गा गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रबंधक दयाशंकर सिंह को धन्यवाद देकर कहा कि लड़कियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसलिए उनको इस खेल में बढ़ावा देना अपने आपमें गर्व की बात है वहीं सरकार भी लड़कियों को आगे बढ़ाने में कदम से कदम मिलाकर साथ चल रही हैं।इसलिए प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने बच्चियों के वालीबाल प्रतियोगिता कराकर जो उनके अन्दर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम किया है वह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व सांसद धनंजय सिंह, एमएलसी प्रिंशु सिंह,महाविद्यालय के प्रबंधक दयाशंकर सिंह, उमाशंकर सिंह व्यवस्थापक, पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर, समाजसेवी पिंटू सिंह, जिला पंचायत सदस्य विद्या देवी के पुत्र विजय प्रताप,शिबू ,जनार्दन सिंह, सोनू सिंह, प्रचारक अशोक राय और कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लाक प्रमुख जयप्रकाश ने किया।

# इएमटी की सूझबूझ एंबुलेंस में गूंजी बच्ची की किलकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव खेपतपुर पचवर डगरा थाना केराकत जिला जौनपुर निवासी सुषमा देवी पत्नी अमित कुमार को शुक्रवार सुबह 6 बजे अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी और दर्द से कराहने लगी। इसको देख घरवाले अत्यधिक परेशान हो गए और तुरंत एंबुलेंस 102 डायल कर प्रसव पीड़ा के संबंध में सूचना दी गई सूचना मिलते ही 15 मिनट के अंदर ही एंबुलेंस नं UP41G 2103 ,102 प्रसूति के घर पहुंच गई और मरीज को तुरंत लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना हो गई कुछ दूर जाने के बाद जब प्रसव पीड़ा अधिक बढ़ गई तो जच्चा–बच्चा की सुरक्षा को देखते हुए गाड़ी में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सिद्धार्थ सिंह एंबुलेंस में ही तत्काल प्रसव कराने का फैसला लिया और गाड़ी को साइड में लगाकर प्रसव कराने लगे और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सिद्धार्थ सिंह ने सुरक्षित प्रसव करा दिया और सुषमा देवी ने बच्ची को जन्म दिया।एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव होने एवं बच्ची के गूँजती किलकार्यो से प्रसूति के परिवार वालों में खुशी का ठिकाना न रहा और परिवार वालों ने



इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सिद्धार्थ सिंह और पायलट जितेंद्र कुमार को भगवान स्वरूप मानकर उनकी सराहना करने लगे जो क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बन गया।

## एक हजार परिवारों को लगेगा झटका : 5 माह से नहीं ले रहे थे राशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र में 72567 राशन कार्ड धारक हैं। इनमें से ऐसे कार्ड धारकों को चिन्हित किया गया है जो पिछले 5 महीने से राशन नहीं ले रहे थे। 1,000 से अधिक राशन कार्ड निरस्त होंगे। यह जान जानकारी पूर्ति निरीक्षक विजय साहनी ने दी है। उन्होंने बताया है कि जांच के बाद इन कार्डों को निरस्त करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। तहसील क्षेत्र में 2363 राशन की दुकानें हैं इन दुकानों से 72567 राशन कार्ड धारक हैं। शासन पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 5 किलो प्रति यूनिट एवं अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो अनाज प्रति कार्ड वर्तमान में निशुल्क दे रहा है। जांच में तहसील क्षेत्र के 1000 ऐसे कार्डधारक हैं जिन्होंने 5 माह से अधिक समय से डीलर की दुकान से राशन नहीं लिया है। कार्ड धारकों द्वारा राशन में लिए जाने का मामला सामने आने के बाद अब इन कार्ड धारकों के नाम सूची से हटाए जाएंगे जिससे तहसील क्षेत्र में 1000 कार्ड की संख्या घट जाएगी। पूर्ति निरीक्षक साहनी ने बताया कि इन कार्ड धारकों के नाम सूची से हट जाने के बाद विभाग अन्य जरूरतमंदों के नाम सूची में शामिल कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई कार्ड धारक 5 माह तक राशन नहीं लेता है तो यह मान लिया जाता है कि अब उनको राशन की आवश्यकता नहीं है इसलिए ऐसे नामों को सूची से हटा दिया जाता है।

# विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर डीडीओ जांच करने पहुंचे रायपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर विकासखंड के रायपुर गांव में विकास कार्य में हुई वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर डीडीओ बीबी सिंह ने गुरुवार को गांव में पहुंचकर गांव में हुए विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से गांव में चल रहे विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी बीडीसी सदस्य पवन यादव तथा ग्रामीण नीरज यादव ने 5 दिसंबर 2022 को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के यहां शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव में जगपत्ति के खेत से प्रेम जीत के घर तक लगभग 150 मीटर खड़ंजा का निर्माण दिखाया गया है जबकि मौके पर खड़ंजा नहीं लगा है। इसी तरह गांव में 50 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण भी दिखाया गया जिसका निर्माण नहीं हुआ है। तालाब का सुंदरीकरण कराए बगैर वहां पर सुंदरीकरण का बोर्ड लगा दिया गया है। गांव के पंचायत भवन पर सचिव कभी भी नहीं बैठते हैं। ब्लॉक पर जाने पर भी नहीं मिलते हैं। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर डीडीओ बीबी सिंह ने गुरुवार शाम को रायपुर गांव पहुंचकर मौके पर हकीकत जानने की कोशिश की। जहां उन्हें ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों से अवगत कराया तथा सफाई कर्मी के भी गांव में न आने की शिकायत की। डीडीओ द्वारा सेक्रेटरी स्वतंत्र कुमार से अभिलेख एमबी मांगे जाने पर सेक्रेटरी स्वतंत्र कुमार अभिलेख नहीं दिखा पाए जिस पर डीडीओ ने उनको जमकर लताड़ लगाई। इस दौरान शिकायत कर्ता बीडीसी सदस्य पवन यादव, नीरज यादव, कमलेश यादव, भुल्लन राम यादव, संतोष यादव, ओम प्रकाश यादव, विनोद यादव आदि मौजूद रहे। इस बारे में पूछे जाने पर डीडीओ बीबी सिंह ने बताया कि अभी आगे भी जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

# अबैध तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुखबिर की सूचना पर महराजगंज की पुलिस ने क्षेत्र के लोहरियांव नहर पुलिया के समीप एक युवक को अबैध तमंचा के साथ घेराबंदी कर दबोच लिया !गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने 3625 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया! महराजगंज थाने के उपनिरीक्षक जंगबहादुर यादव हमराहियो के साथ वजहां तिराहे पर सदिग्ध वाहनो की चेकिंग कर रहे थे कि तभी मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर भटौली की तरफ से पैदल आ रहा एक युवक जो अपराधी किस्म का है जिसके पास अबैध तमंचा व कारतूस है ! सूचना पर पुलिस ने घेराबंदीकर लोहरियांव नहर पुलिया के समीप युवक को धर दबोचा !तलाशी लिये जाने पर युवक के पास एक अदद अबैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस मिला ! जिसने अपना नाम विद्यासागर यादव उर्फ गुड्डू पुत्र श्रीपति यादव निवासी भटौली थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर बताया।

# प्रधानाचार्य परिषद ने प्रधानाचार्य के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की किया मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आदर्श कन्या इण्टर कालेज, खेतासराय के प्रधानाचार्य डॉ0 राधा श्रीवास्तव से दुर्व्यवहार करने वालों के प्रति कार्यवाही नहीं होने से व्यथित प्रधानाचार्य परिषद का प्रतिनिधि मण्डल अपर पुलिस अधीक्षक जौनपुर से मिलकर त्वरित कार्यवाही करने की मांग किया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने प्रधानाचार्य परिषद के प्रतिनिध मण्डल को आश्वत किया कि प्रधानाचार्या के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के प्रति प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्यवाही किया जायेगा। उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने यर्थाथ स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि पीड़ित प्रधानाचार्य को न्याय नहीं मिलने की स्थिति में शासन प्रशासन कि छवि समाज में धूमिल होगी। प्रधानाचार्य के साथ मारपीट एवं गाली–गलौज से शिक्षक एवं बालिकाएं भयाक्रान्त है। सकारात्मक परिवेश सृजन हेतु त्वरित कार्यवाही अनिवार्य है। शिक्षक संघ के नेता रमेश सिंह ने कहा कि प्रशासन से अनुरोध हैं कि हमारे धैर्य कि परीक्षा न लें। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 जंग



बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानाचार्य के उत्पीड़न समाप्त नहीं होने के स्थिति तक प्रधानाचार्य परिषद संघर्षरत रहेगा। प्रतिनिधि मण्डल में मण्डलीय मंत्री डॉ0 अखिलेश पाण्डेय, मंत्री संजय चौबे, प्रधानाचार्य रमेश सिंह, डॉ0 जे0पी0 सिंह, डॉ0 रामानन्द यादव, डॉ0 आर0 एन0 सिंह, घनश्याम पटेल सहित अनेक प्रधानाचार्य सम्मलित रहे।

# अयोध्या राम नगरी में गुप्तारघाट के सौन्दर्यीकरण का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार ने नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ गुप्तारघाट के विकास व सौन्दर्यीकरण कार्यों का बुधवार को देर शाम को निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गुप्तारघाट पर आने वाले लोगां के वाहनों को निर्धारित पार्किंगों में पार्क कराना सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस हेतु उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण को पार्किंग स्थल तक वाहनों के ले जाने हेतु संकेतक शाइनेजेज लगवाने के निर्देश दिये। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा गुप्तारघाट व उसके आसपास कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यो के फेज–1 व फेज–2 का 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत 24 मीटर चौड़ा व 600 मीटर लम्बी स्मार्ट रोड का कार्य पूर्ण है। इसी के साथ यहां पर 31 दुकानों का भी कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने दुकानों के ऊपर छत पर रेस्टोरेंट प्लान करने हेतु नगर आयुक्त को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल के साथ ही पार्क का भी जायजा लिया। पार्क में लोटस पौण्ड, ओपेन एयर थियेटर, पाथ–वे (कुल लम्बाई लगभग 1 किमी0) आदि का फिनिशिंग कार्य किया जा रहा है। पूरे पार्क में आकर्षक वार्म लाइटें लगायी गयी है और पार्क को हरा भरा बनाने हेतु आकर्षक फूल एवं पेड़ पौधे लगाये गये है। दो रोटरी चौराहों पर स्केपिंग किया जा चुका है जिस पर शीघ्र ही स्कल्पचर लगाया जायेगा जो एक आकर्षण का केन्द्र होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण पार्क का भ्रमण किया तथा आगणन की विशिष्टताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपेक्षित अवधि में समस्त कार्यो को अन्तिम रूप देने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र में निरन्तर साफ सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये।

# दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर तीन हजार रिश्वत लेता पकड़ा गया लेखपाल

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। एंटी करप्शन सेल ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर तीन हजार की रिश्वत ले रहे एक लेखपाल को मोदहा चौराहे से गिरफ्तार किया। थाना कैंट पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। एंटी करप्शन सेल के इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि थाना कैंट क्षेत्र अंतर्गत गद्दोपुर मझवा निवासी कृष्ण भूषण पशु चिकित्सक हैं। उन्होंने सेल को लिखित शिकायत दी थी कि सोहावल तहसील में तैनात लेखपाल दिनेश कुमार (56) ने उनसे दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर तीन हजार रुपये मांगे हैं। धनंजय सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद से आरोपी पर नजर रखी जा रही थी। गुरुवार को थाना रौनाही क्षेत्र के रैथुवा निवासी आरोपी लेखपाल दिनेश कुमार ने कृष्ण भूषण को पैसे लेकर मोदहा चौराहे पर बुलाया था। कृष्ण कुमार आरोपी को पैसे दे ही रहा था कि वहां मौजूद सेल के कर्मचारियों ने आरोपी को तीन हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# नलकूपों पर मीटर लगाये जानें को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सिंह द्वारा भाकियू की महापंचायत शुरू

मेरठ ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में गन्ना मूल्य, बकाया भुगतान, आवारा पशु, बिजली की दरें और किसानों के उत्पीड़न समेत अन्य मुद्दों को लेकर भाकियू की महापंचायत शुरू हो गई है। यह महापंचायत राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में हो रही है। बताया गया कि राकेश टिकैत और चौधरी नरेश टिकैत समेत किसान नेता मंच पर पहुंच चुके हैं। वहीं राकेश टिकैत ने मंच से बोलना शुरू कर दिया है। वहीं हरियाणा से आए किसान नेता जोगिंदर सिंह ने बताया कि 20 मार्च को दिल्ली में पूरे देश के किसानों की महापंचायत होगी। वहीं भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि नलकूपों पर मीटर नहीं लगने देंगे। वहीं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि खेती छोड़ो आंदोलन चलाना होगा। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य जगतार बाजवा ने कहा कि किसान शक्ति को एकजुट करना होगा। मजबूती से मोर्चे पर डटना होगा। बताया गया कि रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी और अशरफ अली मंच के पास बैठे रहे, लेकिन कुछ देर बाद वापस लौट गए। शुक्रवार सुबह से ही महापंचायत में किसानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बताया गया कि महापंचायत में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और प्रवक्ता राकेश टिकैत के अलावा खापों के चौधरी भविष्य की रणनीति तय करेंगे। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया था कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा है। महापंचायत के जरिए किसानों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने में अब तक नाकाम साबित हुई है। पंचायत में भविष्य के आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। शीर्ष नेतृत्व किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए खाप चौधरियों और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के साथ रणनीति तैयार करेगा। वहीं गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंच कर भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के अलावा गौरव टिकैत ने भी तैयारियों का जायजा




लिया था। चार अस्थायी बस अड्डे, डायवर्ट किए वाहन आमजन को परिवहन संबंधी समस्या से बचाने के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। शहर में चार अस्थायी बस अड्डे बनाकर बसों का संचालन किया जा रहा है। मेरठ, बुढ़ाना और शामली के लिए वहलना चौक से बसों का संचालन किया जा रहा है। बिजनौर जानसठ और मीरापुर के लिए जानसठ पुल बाईपास, भोपा के लिए भोपा बाईपास और सहारनपुर और हरिद्वार के लिए रामपुर तिराहे से बसों का संचालन हो रहा है। सरकुलर रोड होते हुए सुजडू चुंगी से महावीर चौक के बीच भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है। इन शिक्षण संस्थाओं में है छुट्टी मुजफ्फरनगर शहर के सरकुलर रोड पर पड़ने वाली अधिकतर शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित किया गया है। डीआईओएस गजेंद्र कुमार ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज, चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज, एमजी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, डायट, आर्य समाज रोड स्थित इस्लामिया इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, नवाब अजमत इंटर और डिग्री, जैन इंटर मीनाक्षी चौक पर शुक्रवार को अवकाश है। पंचायत स्थल पर पहुंचे अधिकारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय को सौंपी गई हैं। किसान वाहनों के लिए डीएवी इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जीआइसी के सामने स्कूल के मैदान में व्यवस्था की गई है। उधर, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने पंचायत स्थल पर पहुंचकर भाकियू नेताओं से बातचीत की।

# खाद्यान्न वितरण घोटाले में कोटेदार गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता के आरोप में आरोपित उमेश वर्मा की जमानत ए सी जे एम प्रथम श्रीमती शिवानी रावत ने निरस्त कर आरोपित उमेश वर्मा को जेल भेज दिया। सरकारी वकील विशेष लोक अभियोजक ई सी एक्ट राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट ने जमानत प्रार्थना पत्र विरोध करते हुए कहा कि आरोपित ने एपी एल कार्ड धारकों को खाद्यान्न का वितरण न कर उसका दुरुपयोग कर लिया व कालाबाजारी करने का आरोप लगाया जो गंभीर अनिमितताओं की श्रेणी में आता है।घटना की एफ आई आर पूर्ति निरीक्षक शाहगंज मदन किशोर ने कराया था। आरोपित ने लोअर कोर्ट से जमानत निरस्त होने के बाद सेसन कोर्ट अपर जिला जज/स्पेशल जज ई सी एक्ट अशोक कुमार यादव के कोर्ट में 8 फरवरी को जमानत प्राथना पत्र प्रस्तुत किया तो कोर्ट ने आरोपित का अपराधिक इतिहास 13 फरवरी तक तलब किया है।

# आवासीय इकाई के सभी संस्थानों में आज आखिरी तारीख

आगरा ब्यूरो : डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवासीय परिसर के संस्थानों व विभागों के विद्यार्थियों की विषम सेमेस्टर की परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया चार फरवरी को शुरू की गई थी। 10 फरवरी आखिरी तारीख है। अभी तक कई विभागों व संस्थानों के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन को आखिरी तारीख बढ़ानी पड़ेगी। आवासीय इकाई के संस्थानों व विभागों के 3500 छात्र–छात्राओं के परीक्षा फॉर्म भरे जाने हैं। एजेंसी न होने से विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से खुद परीक्षा फॉर्म भरवाने की व्यवस्था बनाई गई है। संस्थानों व विभागों के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरे




जाने हैं। परीक्षा फॉर्म भरने से पहले सभी से उनके यहां पंजीकृत छात्र–छात्राओं का डाटा मांगा गया। जो विभाग व संस्थान डाटा देते जा रहे हैं, उनके फार्म भरने की प्रक्रिया खोली जा रही है। हालांकि जिन्होंने दो–तीन दिन पहले डाटा उपलब्ध करा दिया, उनकी भी प्रक्रिया बृहस्पतिवार शाम तक खोली नहीं जा सकी। परीक्षा फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया के समन्वयक प्रो. मनु प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ विभागों व संस्थानों के भरे अभी भरे नहीं जा रही हैं, जल्द इनकी प्रक्रिया भी शुरू करा दी जाएगी। आखिरी तारीख आगे बढ़ाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में भ्रष्टाचार का प्रतिदिन हो रहा नया खुलासा : एक बच्चे की मां का हुआ दोबारा विवाह

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। पूरा बाजार अयोध्या विकासखंड पूरा बाजार में सात फरवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में प्रतिदिन नया मोड़ ले रहा है इस विवाह समारोह में हर दिन नए भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है अगर सूत्रों की माने तो इस विकासखंड के बेलगाम और निडर संबंधित अधिकारियों की मनमानी देखने को मिल रही है अब सभी इस विवाह से संबंधित अधिकारी हाथ में शादी की लिस्ट लेकर घर–घर सभी विवाह में हुए शादियों का फिर से सत्यापन करने में लग गए हैं जिससे उनकी नौकरी पर कोई संकट ना आए अगर सूत्रों की माने तो कुछ अवैध शादियों में सामान तक वापस ले लिया गया है आज एक गांव में नया खुलासा हुआ कि एक बच्च की मां की शादी फिर से मुख्यमंत्री शादी समारोह में करा दिया गया है जब मामला सोशल मीडिया में प्रकाशित होने लगा तो उसके घर जाकर सामान वापस ले लिया गया इन भ्रष्ट अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही करने के लिए जिला प्रशासन भी कुछ नहीं कर रहा है क्योंकि इन भ्रष्टाचारियों का कहना है कि हमारे ही विभाग के लोग जांच करेंगे।

# अयोध्या प्रधान डाकघर में खुला स्पेशल काउंटर : सुकन्या समृद्धि से बेटियों को करें आर्थिक मजबूत –पी. के. सिंह

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अमृतपेक्स सुकन्या समृद्धि दो दिवसीय अभियान 9 से 10 फरवरी को मण्डल के सभी डाकघरों में शुरू हो गया है। अयोध्या प्रधान डाकघर में अपने बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह रहा कतारबद्ध होकर सुकन्या समृद्धि खाता खुलवा रहीं हैं ।अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि सुकन्या समृद्धि से अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है जब बेटियाँ आर्थिक रूप से मजबूत होंगी तभी उनके सपनों का साकार किया जा सकेगा। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवा लेने मात्र से ही भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को विराम लगाया जा सकता है इसीलिए बेटियों को आर्थिक आजादी देने एवं उनके भविष्य को सँवारने के लिए हम सभी का दायित्व है कि आस पास के बच्चियों के अविभावकों को डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए प्रेरित करें । इस योजना में छोटी छोटी रकम जमा करने से बेटियों के पढ़ाई व विवाह के समय लाभ होगा। सिंह ने इस महापर्व में सभी से अपने बेटियों के भविष्य सँवारने के लिए खाता खुलवाने की अपील किया। सीनियर पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय ने बताया कि यह सुकन्या समृद्धि अभियान 9 व 10 फरवरी को मण्डल के सभी डाकघरों में विशेष रूप से आयोजित किया गया है। मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता रुपया 250 में नवजात से 10 वर्ष तक आयु की बच्चियों का खाता खोला जाता है और अविभावक को 14 वित्तीय वर्ष ही पैसा जमा करना होता है उसके पश्चात 21 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार ब्याज के साथ भुगतान किया जाता है पढ़ाई या अन्य जरूरत पड़ने पर 18 वर्ष बाद आधा पैसा निकाला जा सकता है खाता खोलने के लिए अविभावक का आधार कार्ड, 2 फोटो, तथा बेटी का जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। साथ ही यह भी बताया कि खबर लिखे जाने तक 1500 से अधिक खाते खोल दिए गये थे।

# होटल के सामने भिड़े दो समुदाय के लोग : जमकर चले धारदार हथियार : तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात

मेरठ ब्यूरो : मेरठ जनपद के सरधना में बिनौली रोड पर स्थित एक होटल के सामने पार्किंग से बाइक हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से धारदार हथियार से चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। बताया गया कि बाद में थाने के सामने भी दोनों पक्ष भिड़ गए। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ पर काबू किया। मामला दो समुदाय से जुड़ा है, जिसके चलते कई थानों का फोर्स सरधना में बुलाया गया है। बताया कि नंगला रोड बस्ती निवासी शालू पुत्र लियाकत, नईम पुत्र रफीक व समीर पुत्र सगीर बिनौली रोड पर अलकरीम होटल पर खाना खाने गए थे। इसी दौरान बाइक होटल के सामने पार्किंग में खड़ी कर दी। जबकि दूसरे पक्ष ने वहां पर अपनी कार खड़ी की हुई थी। कार चालक ने उन लोगों से वहां बाइक न लगाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में गाली–गलौज होने लगी और देखते ही देखते खूनी संघर्ष हो गया। इसी बीच वहां काफी युवक आ गए और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियार भी चले। संघर्ष में एक पक्ष से शालू, नईम, समीर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को आनन–फानन सीएचसी में भर्ती कराया। इसके अलावा पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के कई लोगों



को हिरासत में लिया। कुछ देर बाद थाने के बाहर दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ जुट गई। यहां भी दोनों पक्षों के लोग भिड़ गए। वहीं मामला बढ़ता देख पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया। मामला दो समुदाय से जुड़ा हुआ है, जिसको देखते हुए आसपास के थानों का फोर्स भी सरधना बुला लिया गया। फिलहाल मामले को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। गनीमत यह रही कि कुछ ही मिनट पहले पूर्व विधायक संगीत सोम का काफिला वहां से गुजर रहा था। यदि बाइकों पर तेज रफ्तारों से दौड़ रहे अराजक तत्वों का सुरक्षा एस्कार्ट से टकराव हो जाता तो बड़ी घटना हो जाती। तहसील रोड पर काफी देर तक तेज रफ्तार बाइकों का तांडव चलता रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत पचौरी का कहना है कि विवाद करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के आर्थिक विकास का ग्रोथ इन्जन बनेगा अमृतकाल का बजट –शैलेश पाण्डेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज फतेहगंज बाजार जौनपुर में किसान मोर्चा की संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेन्द्र उपाध्याय के अध्यक्षता में किया गया। किसान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शैलेश पाण्डेय मौजूद रहे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शैलेश पाण्डेय ने कहा कि यह बजट किसानों के आर्थिक विकास का ग्रोथ इन्जन बनेगा। इस बजट के माध्यम से भारत के अन्दर कृषि उत्पादों का विकास होगा। श्री अन्ना योजना के माध्यम से मोटा अनाज के उत्पादन और विपणन को बाजार तक पहुंचाने की योजना लेकर आए हैं। जिससे हमारे किसान आत्मनिर्भर और समृद्धिशाली होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी 20 देशों की अध्यक्षता करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित कराया है जिसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलेगा। देश के युवाओं किसानो के भविष्य को लेकर सरकार सचेत हैं यह बजट युवाओं महिलाओं किसानों , देश के आर्थिक विकास, भौतिक विकास, सैन्य विकास, और देश की समृद्धि को केन्द्र में रखकर बनाया गया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करता हूं। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि बजट तो पहले भी आते रहे हैं लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद लोकलुभावन बजट बनने की परम्परा खत्म हो गई है यह बजट देश के विकास को गति देना वाला अब तक का सबसे अच्छा बजट है। इस बजट से देश आर्थिक




उन्नति प्राप्त करेगा देश का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा घनश्याम यादव ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव, जिला महामंत्री किसान मोर्चा इन्द्रसेन सिंह, प्रदीप यादव, जिला मंत्री किसान मोर्चा अनिल सिंह शक्ति, भूपाल सिंह भोले, दिनेश सिंह एव क्षेत्र के सम्मानित किसान मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का कल किया जायेगा आयोजन

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दिनांक 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने योग्य वाद/प्रकरण में समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा–138 ए.एन.आई. एक्ट के बाद, बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रमवाद, बिजली एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, भूमि अध्याप्ति वाद, सेवानिवृत्ति के परिलाभों सम्बन्धी मामले, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद है। उक्त जानकारी प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय फैजाबाद ने दी है।

# अवध विश्वविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में समाज कार्य विभाग के समन्वयक डॉ0 दिनेश कुमार सिंह व डॉ0 प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर डॉ0 दिनेश सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दवा का सेवन ही फाइलेरिया रोग का उपचार है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 फरवरी से आम जनमानस के बीच फाइलेरिया की दवा का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से बढ़–चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग फाइलेरिया के ऑर्डिनेटर अतुल तिवारी ने भी विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों से अपील की कि सभी लोग फाइलेरिया मुक्त अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। इसी क्रम में विभाग के शिक्षक डॉ0 प्रभात सिंह ने विशेषकर छात्रों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को फाइलेरिया के बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ0 स्वाति सिंह सीमा तिवारी, अंकुर वर्मा ,आदित्य सिंह, अभिषेक वर्मा, स्नेहा मिश्रा, प्रज्ञा तिवारी, शीतल मिश्रा, अरुणा, अंजली भारती , माला यादव, काजल यादव ,अवनीश तिवारी, आयुषी गुप्ता, नीयता मिश्रा, सतीश कुमार, अंशिका शुक्ला, तनु पांडेय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित मिले अध्यापकों का अग्रिम आदेश तक रोका गया वेतन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानी सुजानगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सकरा प्रथम में ग्रामीणों की शिकायत थी कि यहां तैनात अध्यापक स्कूल समय से नही खोलते है और 10 बजे के बाद आते है । सिकायत की जांच करने पहुचे संकुल प्रभारी अशोक तिवारी ने पाया गाव वालो कि सिकायत सही है ।देर स्कूल खुलने की रिपोर्ट इंें अरविंद पांडेय ने बी एस एको रिपोर्ट जांच आख्या भेज रिपोर्ट को देखते हुए वहां पर तैनात 4 अध्यापक और 1 शिक्षा मित्र का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित मिलने की वजह से और समय से स्कूल नहीं खोलने के कारण शिक्षकों के ऊपर कार्रवाई की ।गई है अग्रिम आदेश तक इनका वेतन रोक दिया गया है ।

# टॉपटेन अपराधी तमंचा संग गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाने के टॉपटेन अपराधियों की सूची में शामिल हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने तमंचा व कारतूस संग गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष चंदवक विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली थी टॉपटेन की सूची में शामिल हिस्ट्रीशीटर अपराधी क्षेत्र के ब्राह्मणपुर पुलिया के पास खड़ा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। पूछने पर उसने अपना नाम अभिषेक सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह निवासी ब्राह्मण पुर बताया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

# हिस्ट्रीशीटर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शुक्रवार को खेतासराय पुलिस ने नगर के डोभी मोड़ पर चौकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की चेकिग के दौरान आरोपी महफूज पुत्र निवासी वार्ड नंबर 10 कोहरौटी थाना खेतासराय को एक तमंचा मय कारतूस के साथ नगर के डोभी तिराहा से शुक्रवार की सुबह चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना का दुराचारी है तथा गैंग D 85 का सदस्य है इसलिए गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।